प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आज हुए रेल दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गयी है। वहीं 50 लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परीजनों को 10 लाख रूपये, गंभीर रूप से घायल लोगों को 2 लाख 50 हजार रूपये और मामूली रूप से घायल लोगों को पचास हजार रूपये दिए जाएंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित कोल्हान जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 10 लाख रुपये का इनामी जोनल कमांडर और एक महिला नक्सली भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षाबलों ने हथियार और अन्य सामान के साथ एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली को पकड़ने में भी सफलता पाई है।

****

आज देशभर में ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जा रहा है। राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भी मस्जिदों में सुबह ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाइयां दी। सरायकेला–खरसावां जिले के सभी क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा का नमाज अदा किया गया। वहीं पाकुड और गिरिडीह के जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में भी ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की गई। इस मौके पर शहर और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह उनका पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। आप अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

****

सिमडेगा जिले में रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता

साउंड बाइट– मनोज कुमार सिन्हा, सिमडेगा – 49 सेकेंड

****

रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से आज रेलवे सुरक्षा बल ने एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दलाल गिरिडीह का रहने वाला है। इस बारे में आरपीएफ हटिया निरीक्षक ने बताया कि फ्लाइंग टीम की मदद से इस दलाल को रेलवे आरक्षण केंद्र के समीप से गिरफ्तार किया गया।

****

जमशेदपुर में एकलव्य फिल्म इंडिया पिछले 20 वर्षों से नाटक, सिनोटोग्राफी, योग, गीत–संगीत आदि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। संस्था के निदेशक राजू बांसोड़ परमेश्वर ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई लोग बॉलीवुड में फिल्म और टीवी सीरियल में योगदान दे रहे हैं।

****

टी–टवेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज न्यूजीलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। ये मैच त्रिनिडाड में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में सेंट लुसिया में श्रीलंका ने आज नीदरलैंड्स को 83 रन से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की है। सेंट विंसेंट में एक अन्य मैच में बांग्लीदेश ने नेपाल को 21 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ बांग्लादेश सुपर–आठ में पहुंच गया है।

****

जमशेदपुर के कदमा स्थित सेवावर्ती नील संघ की शाखा फिट एंड जॉय में इस बार भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस क अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करेगा। संस्था के समीर कुमार कुंडू ने बताया कि पिछले 5 वर्षों

से चल रही इस संस्था में अधिकतर सेवानिवृत्ति महिला और पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर 2020 में इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी।

****

भारत की दीक्षा डागर इटालियन ओपन महिला गोल्फ टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा, खिताब जीतने वाली इंग्लैंड की गोल्फर एमी टेलर से चार शॉट पीछे रहीं। दीक्षा, अगले सप्ताह चेक महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। *******

*********समाप्त*********